झारखण्ड सरकार

# सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेंस विभाग

प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची।

## अधिसूचना

ITSec2/2/2024-DoIT-Section-1:- टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित किये जाने के संबंध में दूरसंचार विभाग, भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय दूरसंचार अधिनियम–2023 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पूर्व से लागू भारतीय तार मार्ग के अधिकार के नियम–2016 और भारतीय तार (अवसंरचना सुरक्षा) नियम–2022 को अधिक्रमित करते हुए दूरसंचार (मार्ग के अधिकार) नियम–2024, [Telecommunications (Right of Way) Rules, 2024] अधिसूचना सं0–534 दिनांक 17/09/2024 को अधिसूचित किये गये हैं, जिसे दिनांक 01/01/2025 से प्रभावी किया गया है।

2. उक्त के आलोक में वर्त्तमान में राज्य में प्रचलित अधिसूचना सं0–1221 दिनांक 02.08.2022 द्वारा राज्य के विभिन्न मार्गों में Optical Fibre Cable (OFC) बिछाने के निमित्त Right of Way (RoW) की स्वीकृति हेतु "Jharkhand Right of Way (RoW) Policy for Laying OFC, 2022" (वर्ष 2023 में यथासंशोधित) तथा मोबाईल टावर के अधिष्ठापन हेतु विभागीय अधिसूचना–2956 दि0 04.12.2015 द्वारा "Jharkhand Communication Tower and Related Structures Policy, 2015" तथा इन आदेशों में समय–समय पर किये गये संशोधनों को भी दिनांक 01.01.2025 से अधिक्रमित करते हुए भारत सरकार द्वारा जारी दूरसंचार (मार्ग के अधिकार) नियम–2024 को राज्य में दिनांक 01.01.2025 से लागू किया जाता है।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से

29/4/25

(पूजा सिंघल)
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः– ITSec2/2/2024-DoIT-Section-1 –54 राँची,दिनांकः– 30.04.25

प्रतिलिपिः–माननीय राज्यपाल के प्रधान सचिव/माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची को झारखण्ड ई–गजट के असाधारण अंक में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

29/4/25

सरकार के सचिव

ज्ञापांकः– ITSec2/2/2024-DoIT-Section-1 –54 राँची,दिनांकः– 30.04.25

प्रतिलिपिः– सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त एवं उपायुक्त, झारखण्ड/महाधिवक्ता कार्यालय, झारखण्ड/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जैप–आई0टी0, राँची/निदेशक, जैसेक, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/4/25

सरकार के सचिव

ज्ञापांकः– ITSec2/2/2024-DoIT-Section-1 –54 राँची,दिनांकः– 30.04.25

प्रतिलिपिः– सदस्य, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/उप महानिदेशक, TERM Cell, झारखण्ड/महाप्रबंधक, RAPDRP, JSEB मुख्यालय/मुख्य महाप्रबंधक, BBNL, झारखण्ड/सभी टेलीकॉम सेवा/संरचना प्रदात्ता, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/4/25

सरकार के सचिव